डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ

सेक्टर–11,जानकारीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2024 / 3196

दिनांक 25 जुलाई, 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानो में वर्तमान मे अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के साथ ही नवीन. छात्र / छात्राओं के प्रवेश के समय पहचान स्थापित करने हेतु आधार अधिप्रमाणन कराये जाने के उपरांत फैमिली आई0डी0 के साथ लिंक किये जाने।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र सं0 ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2024 / 2831, दिनांक 20.06.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र में माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा शासन से प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में सम्बद्ध समस्त संस्थानों से वर्तमान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के साथ ही नवीन छात्र / छात्राओं के प्रवेश के समय पहचान स्थापित करने हेतु आधार अधिप्रमाणन कराये जाने के उपरांत फैमिली आई0डी0 के साथ लिंक किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही पूर्ण किए जाने का अनुरोध किया गया था।

तत्क्रम में उल्लेखनीय है कि अद्यतन स्थिति तक अधिकतर संस्थानों द्वारा वर्तमान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के आधार अधिप्रमाणन (Aadhaar Authentication) की प्रकिया पूर्ण नहीं कराई गई है, जोकि खेदजनक है। यदि संस्थानों द्वारा तत्काल प्रभाव से ध्ययनरत छात्र / छात्राओं के आधार अधिप्रमाणन (Aadhaar Authentication) की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाती है तो ऐसे समस्त संस्थानों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही हेतु शासन को अवगत करा दिया जाएगा।

तदनुसार आवश्यक कार्यवाही तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया,

(रीना सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. प्रति कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. समस्त अधिष्ठाता, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव